हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 29 अक्टूबर 2025

04 दो साल बाद भी निर्माण अधूरा



08 सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को पढ़ें ...





### कमिश्नर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी कलेक्टर्स को दिए निर्देश

# डेवलपमेंट के कार्य और प्रोजेक्ट अनावश्यक रूप से लंबित न रहें

**1 नवंबर को मनाया जाएगा मध्य प्रदेश की स्थापना दिवस का कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कमिश्नर श्रीकृष्ण गोपाल तिवारी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न कार्यों, योजनाओं एवं प्रोजेक्ट की समीक्षा की। कमिश्नर ने नर्मदापुरम संभाग के हरदा, बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह डेवलपमेंट के कार्य एवं प्रोजेक्ट की समीक्षा अनिवार्य रूप से कर लें, कोई भी डेवलपमेंट के वर्क एवं प्रोजेक्ट अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। यदि प्रोजेक्ट एवं कार्य में राजस्व विभाग एवं वन विभाग की अनुमति की आवश्यकता है तो प्राथमिकता से अनुमति दिलाई जाए। किसी भी स्थिति में डेवलपमेंट के कार्य एवं प्रोजेक्ट ना रुक पाए। कमिश्नर ने कहा कि मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, पिछड़ा वर्ग विभाग, जनजातिय कार्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग एवं अन्य विभाग के कार्य बजट के अभाव में लंबित न रहे।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान हरदा, बैतूल एवं नर्मदापुरम के कलेक्टर्स ने बताया कि 1 नवंबर को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस का कार्यक्रम जिलों में भव्य एवं रंगारंग रूप से आयोजित किया जाएगा। नर्मदापुरम में सेठानी घाट पर 51 हजार दीपों का दान किया जाएगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, साथ ही नर्मदापुरम जिले के स्वदेशी उत्पादकों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना, हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ऑनलाइन एवं उपायुक्त राजस्व श्री गणेश जायसवाल, संयुक्त आयुक्त विकास जीसी दोहर एवं अन्य संभागीय अधिकारी गण ऑफलाइन उपस्थित रहे।

हर कार्य में आवश्यक रूप से भुगतान किया जाए यदि बजट का अभाव है तो सभी कलेक्टर्स शासन को डीओ लेटर लिखकर बजट का आवंटन कराएं। किसी भी स्थिति में हितग्राहियों का भुगतान लंबित न रहे। कमिश्नर ने निर्देश दिए की कई बैंक आधारित हितग्राहियों के त्रुटि पूर्ण बैंक खातों पर असफल भुगतान हो जाता है ऐसे असफल भुगतान को प्राथमिकता से ठीक कर हितग्राही के सही बैंक खाते में राशि का अंतरण करना सुनिश्चित किया जाए।

कमिश्नर ने बताया कि भावांतरण योजना नर्मदापुरम संभाग के सभी जिलों में बेहतर तरीके से चल रही है। भ्रमण के दौरान किसानों से अच्छा फीडबैक मिला है। उन्होंने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह कृषि उपज मंडी में भावांतर योजना के अंतर्गत निगरानी बढ़ाएं। छोटी-छोटी चीजों से व्यवस्था ना बिगड़े इसका विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित की जाए। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए की बारिश की वजह से गांव को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम संपर्क सड़के कई ग्रामों की खराब हो चुकी है ऐसी सभी खराब सड़कों की मरम्मत का कार्य संबंधित विभाग शुरू करे।

# रेलवे जंक्शन से कॉमर्शियल किंगडम तक इटारसी का सिटी सेंटर

**निवेशकों के लिए महा-अलर्टः ये दुकान नहीं, गोल्डन टिकट है!**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



जो इटारसी अब तक सिर्फ रेलवे जंक्शन के लिए जाना जाता था, वह अब 'व्यापारिक क्रांति' का नया पता बनने जा रहा है। इटारसी का नाम अब प्रदेश में कॉमर्शियल किंगडम के रूप में लिया जाएगा। शहर की सबसे प्राइम लोकेशन ठीक रेलवे स्टेशन के पास पर एक ऐतिहासिक, विश्वस्तरीय कॉमर्शियल हब, 'सिटी सेंटर' का निर्माण तूफानी गति से चल रहा है। दावा है ऐसी भव्यता और आधुनिकता पूरे मध्य प्रदेश में कहीं नहीं। यह प्रोजेक्ट इटारसी की पहचान को हमेशा के लिए बदलने वाला है और यह उन दूरदर्शी निवेशकों के लिए 'वन्स इन ए लाइफटाइम' (सिर्फ एक बार मिलने वाला) मौका लेकर आया है, जो अपनी पूंजी पर धमाकेदार रिटर्न चाहते हैं।

### सिर्फ दुकान नहीं, गारंटीड मुनाफे में हिस्सेदारी

पारंपरिक, भीड़-भाड़ वाले बाजारों को भूल जाइए। 'सिटी सेंटर' बेहतर रेंटल इनकम और ऊंचा निवेश रिटर्न का वादा करता है। इटारसी का यह केंद्रीय भौगोलिक स्थान, तेजी से बढ़ते कॉमर्शियल हब के रूप में, आपके निवेश को रॉकेट की गति देगा।

### दिल्ली के 'कनॉट प्लेस' जैसी डिज़ाइन, इटारसी में धूम

यह 'सिटी सेंटर' कोई साधारण कॉम्प्लेक्स नहीं है; यह व्यवसाय के भविष्य को ध्यान में रखकर बनाया गया है। विश्वस्तरीय डिज़ाइनः इसे दिल्ली के प्रतिष्ठित कनॉट प्लेस की तर्ज पर डिज़ाइन किया गया है, ताकि आपकी दुकान की विजिबिलिटी 100% रहे। प्रीमियम इंफ्रास्ट्रक्चरः ॠ+2 प्रीमियम ग्लास बिल्डिंग, 40 फीट चौड़ी सड़क और विशाल पार्किंग इसे ग्राहकों के लिए सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन बनाएगी। लोकेशन है किंगः रेलवे स्टेशन के पास की प्राइम लोकेशन और आसपास का बड़ा रेसिडेंशियल बेस ग्राहकों की निरंतर आमद सुनिश्चित करेगा।

### समय है दूरदर्शी बनने का

यह वह मौका है जिसे गंवाना आपको महंगा पड़ सकता है। अपनी व्यावसायिक पहचान बनाने और अपनी पूंजी को कई गुना बढ़ाने का यह सबसे सही समय है।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन : क्ले मॉडलिंग में शीतल रहीं यादव प्रथम स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं नर्मदापुरम जिला अग्रणी महाविद्यालय के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय माखन नगर को जिला स्तरीय क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व मिला था। आयोजन के दौरान प्रतियोगिता में जिले से आठ महाविद्यालयों ने सहभागिता की, समस्त सहभागियों ने अपनी कला का बखूबी प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता प्रारंभ की पूर्व महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभारी प्रो डी एस खत्री ,युवा उत्सव प्रभारी डॉक्टर आई एस कनेश ग्रंथपाल अजय मेहरा सहित समस्त महाविद्यालय से आए दलप्रभारीयो ने मां सरस्वती फोटो पर दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। निर्धारित समय में समस्त सहभागियों ने मिट्टी से निर्मित कलाकृतियां को तैयार किया। तत्पश्चात निर्णायक मंडल में बारीकी से अपना निर्णय दिया जिसमें शीतल यादव शासकीय महाविद्यालय माखन नगर प्रथम स्थान पर चंद्रेश राठौर शहीद भगत सिंह महाविद्यालय पिपरिया दूसरे स्थान पर एवं कुमारी दुर्गा सूर्यवंशी होम साइंस महाविद्यालय नर्मदापुरम तीसरे स्थान पर रही।



### शहर के ख्यात व्यवसायी शिवप्रसाद का निधन

माखन नगर। नगर के हरि अग्रवाल सुनील अग्रवाल स्वर्गीय अनिल अग्रवाल के पिता बड़े कारोबारी व्यापारी शिवप्रसाद अग्रवाल का मंगलवार को 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। शिवप्रसाद कुशल व्यापारी थे बड़ा कारोबार करने के बाद भी सादा अनुशासित जीवन जीने में विश्वास रखते थे और सादगी से उन्होंने अपना जीवन जिया वह वैश्य समाज मारवाड़ी समाज एवं व्यापारियों के संगठन से जुड़े रहे एवं सदैव सहयोग किया।



# मार्ग अवरुद्ध करेंगे तो प्रतिदिन लगेगा 500 रु. का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम का सामान्य सम्मेलन नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सामान्य सम्मेलन में मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, नेता प्रतिपक्ष अनोखे राजोरिया सहित सभापति, पार्षदगणों, उपयंत्रीगण, कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, नपा के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थित थे। इस अवसर पर नगरहित के 18 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए। कार्यालय अधीक्षक सोनी ने बताया कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नपा के सामान्य सम्मेलन में प्रस्ताव पारित हुआ। जिसमें फल, सब्जी या अन्य गुमठी लगाकर सड़क मार्ग को अवरूद्ध करने वालों पर प्रतिदिन 500 रुपए की दर से जुर्माना लगाया जाएगा। जिस पर सभी पार्षदगणों द्वारा सहमति जताई गई। साथ ही यातायात व्यवस्था सुमन रहे इस बात को भी ध्यान में रखते हुए सभी पार्षद ने सहयोग देने का आश्वासन दिया। नगरपालिका द्वारा संपत्ति कर निर्धारण के लिए अब बारकोडिंग की व्यवस्था की जाएंगी। जिससे आम नागरिकों को संपत्तिकर, दुकान किराया और प्रीमियम जमा करने में आसानी होगी। ट्रेंचिंग ग्राउंड का अतिक्रमण हटाकर उसकी बाउंड्री बाल की जाएगी जिसमें करीब एक करोड़ 30 लाख रुपए की राशि स्वीकृति हेतु प्रस्ताव रखा गया था। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु उपकरण क्रय किए जाने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई।



नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संशोधित जीएसटी बिल और आत्मनिर्भर भारत अभियान के विषय नगरपालिका के सामान्य सम्मेलन में रखे गए थे।

# स्प्रिंगडेल्स स्कूल के विद्यार्थियों ने जीती संभागीय बैंड प्रतियोगिता, राज्य स्तरीय प्रतियोगता में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विद्यालय के बालक एवं बालिका बैंड दलों ने 27 अक्टूबर को आयोजित जिला स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे पहले विद्यालय ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर नर्मदापुरम जिले का नाम रोशन किया था। इस जीत के साथ विद्यालय के दोनों बैंड दल अब राज्य स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में प्रदर्शन करेंगे।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अनुशासन, तालमेल और सुमधुर वादन से निर्णायकों और दर्शकों का मन मोह लिया।



निर्णायक मंडल में डीएसओ, प्राचार्यगण, और पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल रहे। विद्यालय की प्राचार्या मोना चटर्जी ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा हमारे छात्रों ने निरंतर उत्कृष्टता का परिचय दिया है। जिले के बाद संभाग स्तर पर भी दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करना अत्यंत गर्व की बात है। यह उनकी मेहनत, लगन और प्रशिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों और बैंड प्रशिक्षक को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य कामना की और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दीं।

# इटारसी के सूरजगंज शंकर मंदिर में 56 भोग का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शिव मंडल सूरजगंज एवं हिंदू वाहिनी की महिला पदाधिकारियों ने 56 भोग एवं सुंदरकांड का आयोजन सुरजगंज के शंकर मंदिर में किया। जिसमें बड़ी संख्या में मात्रशक्तियां उपस्थित रही।

कार्यक्रम में समस्त मातृशक्तियों को सुहाग की सामग्री भेट की एवं छप्पन भोग प्रसाद वितरण किया।



जिसमें मुख्य रूप से वर्षा अग्रवाल, ममता मालवीय, अर्चना मालवीय, ममता अग्रवाल, अमिता मालवीय, अनु नामदेव, सुरभि शर्मा, कीर्ति पटवा, द्वारा इस विशाल छप्पन भोग एवं सुंदरकांड का आयोजन किया।

# तैराकी प्रतियोगिता में नर्मदावैली इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभाशाली तैराकों ने अपनी मेहनत, लगन और अदम्य आत्मविश्वास के बल पर जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने न केवल अपनी व्यक्तिगत प्रतिभा का प्रदर्शन किया बल्कि विद्यालय की खेल संस्कृति और अनुशासन का भी परिचय दिया।अंडर-14 गर्ल्स वर्ग में सौम्या बमनिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर फ्रीस्टाइल में प्रथम स्थान,100 मीटर फ्रीस्टाइल में प्रथम स्थान, 200 मीटर फ्रीस्टाइल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सबका दिल जीत लिया।

अंडर-17 गर्ल्स वर्ग में गरिमा साहू ने अपनी अद्भुत तैराकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर फ्रीस्टाइल में प्रथम स्थान, 100 मीटर फ्रीस्टाइल में प्रथम स्थान,50 मीटर बैक स्ट्रोक में प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। वहीं अंडर-17 बॉयज़ वर्ग में तनमय बमनिया ने अपनी शक्ति और संतुलन के साथ 200 मीटर फ्रीस्टाइल में प्रथम स्थान,400 मीटर फ्रीस्टाइल में प्रथम स्थान 100 मीटर फ्रीस्टाइल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। विद्यालय के निदेशक मनीष अग्रवाल, प्राचार्य इमरान खान, को ऑर्डिनेटर श्वेता शुक्ला एवं खेल कोच रजत सोनी ने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# एसटीआर की एक मात्र डॉग टीना को दी अंतिम विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की एकमात्र स्निफर डॉग 'टीना' का रविवार को निधन हो गया। वह 17 अक्टूबर से बुखार और हीमोग्लोबिन की कमी से जूझ रही थी। उपचार के दौरान जबलपुर में उसने दम तोड़ दिया। सोमवार शाम को जबलपुर में पोस्टमार्टम के बाद स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स डॉग स्क्वाड प्रांगण में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में उसे फूलमाला और पुष्पचक्र अर्पित कर सहसम्मान अंतिम विदाई दी गई। उसकी शव यात्रा निकालकर उसे दफनाया गया।

17 अक्टूबर से टीना बुखार और हीमोग्लोबिन की कमी से जूझ रही थी। उसे बेहतर उपचार के लिए इटारसी के अलावा नर्मदापुरम, भोपाल और फिर जबलपुर ले जाया गया था, लेकिन वह रिकवर नहीं हो सकी और 26 अक्टूबर को जबलपुर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### जनसुनवाई में 77 आवेदकों की समस्याओं पर सुनवाई हुई

# किसी ने आवास की समस्या, तो किसी ने रिकार्ड में नाम न दर्ज होने के लिए किए आवेदन, किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन ने जनसुनवाई कक्ष में कुल 77 आवेदकों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका समाधान किया। जनसुनवाई के दौरान कई आवेदकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया।

ग्राम धनासिरि, पिपरिया निवासी हल्के वीर ने राजस्व रिकॉर्ड मे नाम दुरुस्त किए जाने हेतु आवेदन दिया, जिस पर सीईओ जैन ने अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया को समस्या का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी तरह संजय कुमार गुप्ता की डी-लिंकिंग संबंधी समस्या का समाधान मौके पर ही ई-गवर्नेंस अधिकारी द्वारा कर दिया गया। एक अन्य मामले में नर्मदापुरम निवासी तुलसा बाई ने अति-वर्षा से क्षतिग्रस्त कच्चे मकान के संबंध में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सहायता हेतु आवेदन दिया, जिस पर श्री जैन ने संबंधित अधिकारी को पात्रता अनुसार लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम दांडीवाड़ा, केसला निवासी आशुतोष बाजपेयी ने उनके पिता जो की जनजाति कार्य विभाग में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे के निधन के पश्चात अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में आवेदनदिया, जिस पर जैन ने संबंधित अधिकारी को शीघ्र नियुक्ति प्रदान करने हेतु निर्देश दिए।



सीईओ हिमांशु जैन ने आवेदकों द्वारा प्रस्तुत सीमांकन,आवास, शिक्षा, अवैध अतिक्रमण राजस्व जैसी अन्य समस्याओं का समाधान किया।

संयुक्त कलेक्टर सुनील जैन,डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर, एसडीएम नीता कोरी सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# करणी सेना क्षत्राणि इकाई की अंजू राजपूत बनीं जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम देश के सबसे बड़े सा मा जि क संगठन करणी सेना परिवार के मुखिया जीवन सिंह शेरपुर, रा ष्ट्र ी य म हा स चि व पंकज राज सिंह पुरनी के मार्गदर्शन में,प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह आमला की अनुशंसा पर, क्षत्राणि इकाई प्रमुख ममता जीजा हुकुम, प्रदेश प्रभारी दुर्गेश कुंवर जीजा हुकुम, कार्यकारी अध्यक्ष सविता जीजा हुकुम, प्रदेश संयोजक नीलम जीजा हुकुम, रचना जीजा हुकुम एवं गीता जीजा हुकुम एवं संभाग अध्यक्ष राधिका शेखावत द्वारा नर्मदापुरम करणी सेना परिवार क्षत्राणि के जिला अध्यक्ष पद पर नगर की समाज सेविका अंजू राजपूत को नियुक्त किया गया है। जिससे जिले के करणी सेना की क्षत्राणि इकाई में हर्ष व्याप्त है।



जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर अंजू राजपूत को प्रीति बघेल, मोनाका राजपूत, हिमानी परमार आरती राजपूत कविता राजपूत आरती तोमर आरती बेस दुर्गा भदोरिया राखी राजपूत सेल चौहान नीतू राजपूत मंजू राजपूत नीति परिहार सहित करणी सेना के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने बधाईयां दीं हैं।

## खबर संक्षेप

### देवउठनी एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह 1 को

**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में देवउठनी एकादशी व्रत अनुष्ठान पूजन समारोह का आयोजन 1 नवंबर दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। पंडित पुष्पेंद्र तिवारी ने बताया कि देवउठनी एकादशी का महत्व यह है कि इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की निंद्रा से जागते हैं और सभी शुभ कार्यों की शुरुआत इसी दिन से होती है। इस दिन भगवान के अभिषेक का बड़ा विशेष महत्व है। इस दिन भगवान श्री हरि विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा पूरे अंतर्मन और विधि विधान से करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस दिन उत्तिष्ठ गोविंद त्यज निद्रां जगत्पतये। त्वयि सुप्ते जगन्नाथ जगत सुप्तं भवेदियम मंत्र के साथ श्री हरि भगवान विष्णु को जगाना चाहिए और भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की आरती का विशेष महत्व है। संध्या के समय गाने का मंडप बनाकर शंख और घंटी की ध्वनि के साथ माता तुलसी और शालिग्राम का विवाह संपन्न करना चाहिए। आयोजन समिति के अनुसार इस दिन शाम के समय विशेष मंडप सजाकर भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह संपन्न कराया जाएगा और महाप्रसाद जी का वितरण किया जाएगा।

### शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने स्कूलों में परीक्षा आज

**बैतूल।** कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से जिले में 29 अक्टूबर को एजुकेशनल क्वालिटी इंप्रूवमेंट प्लान (एदकढ) के तहत परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा जिले के चिन्हित 126 शासकीय हाई स्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में एक साथ संपन्न होगी। कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता का विभिन्न मापदंडों पर आकलन करते हुए उपचारात्मक गतिविधियों के माध्यम से गुणवत्ता वृद्धि इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य है। परीक्षा पूर्णतः बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित होगी तथा दो घंटे की अवधि में आयोजित की जाएगी। परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री वितरण एवं तैयारी के लिए सोमवार को शासकीय कन्या उमावि बैतूल गंज में ब्रीफिंग का आयोजन किया गया, जिसमें सभी 126 शालाओं के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा एवं विभागीय योजना अधिकारी सुबोध शर्मा ने परीक्षा संचालन, उद्देश्य एवं आगामी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। श्री शर्मा ने बताया कि प्रदेश में कुल 4528 शालाएं इस योजना में शामिल हैं, जिनमें से बैतूल जिले की 126 शालाएं चयनित की गई हैं। परीक्षा परिणामों के आधार पर विद्यालयवार, विषयवार एवं जिलेवार स्तर पर मूल्यांकन किया जाएगा। इसके बाद संबंधित विषयों के शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

# अमृत भारत योजना अधूरी

## बैतूल स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के लिए हो रहे परेशान

# दो साल बाद भी निर्माण अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अमृत भारत योजना के तहत चयनित बैतूल रेलवे स्टेशन का कार्य 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी अधूरा है। अमृत भारत योजना रेलवे की एक महत्वपूर्ण परियोजना है जिसका उद्देश्य योजना में चयनित स्टेशनों का नवीनीकरण कर यात्रियों को अति आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है किंतु यह परियोजना भी अन्य की भाती लेट लतीफी का शिकार होकर रह गई है जिसका खामिया यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। इस योजना के जानकार बताते हैं कि 6 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 करोड़ रुपए की लागत से बैतूल स्टेशन पुनर्विकास का शिलान्यास किया था। उद्देश्य था यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना, किन्तु दो साल बीत जाने के बाद भी न तो स्टेशन का मुख्य द्वार तैयार हो पाया है और न ही अन्य प्रमुख काम पूरे हो सके हैं। यह जरूर है कि रेलवे अधिकारी निरीक्षण कर निर्देश देते हैं, लेकिन ठेकेदार की मनमानी पर कोई अंकुश नजर नहीं आता है। यात्रियों के अनुसार स्टेशन की मौजूदा हालत बताती है कि इस गति से काम पूरा होने में चार-पांच साल और लग सकते हैं। क्योंकि मुख्य द्वार अधूरा है। लाइटिंग की व्यवस्था न होने से शाम ढलते ही अंधेरा छा जाता है।



### फुटओवर ब्रिज बना बड़ी चुनौती

प्लेटफार्म-2 तक पहुंचने के लिए यात्री सामान्य रास्ते से नहीं जा पा रहे हैं। अधूरे फुटओवर ब्रिज के कारण यात्रियों को प्लेटफार्म-1 के अंदर से घुमकर जाना पड़ता है। प्लेटफार्म-1 पर बनाए जा रहे फुटओवर ब्रिज के लिए गडढ्े खोदे गये है। मटेरियल यहां-वहां पड़ा होने की वजह से यात्रियों को आवागमन में और बाधा उत्पन्न हो रही है। यात्रियों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा धीमी गति से स्टेशन पर काम किया जा रहा है। इससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। निर्माण जल्द पूरा हो और लोगों को इसी सुविधा मिले, इसके लिए रेलवे अधिकारियों को इस ओर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, किन्तु अधिकारी निरीक्षण और निर्देश देकर चले जाते है।

### दर्जनभर काम अभी बाकी

स्टेशन पर बाउंड्रीवाल, नाली निर्माण, पार्किंग एरिया, यात्री शेड और वेटिंग एरिया जैसे कई काम अधूरे पड़े हैं। ठेकेदार कंपनी ने दिखाने भर के लिए गड्ढे खोद दिए और फुटओवर ब्रिज के कॉलम खड़े कर दिए, ताकि काम प्रगति पर लगे, लेकिन यात्री हर दिन अव्यवस्था का शिकार हो रहे हैं। रेलवे अधिकारियों ने कई बार निरीक्षण कर ठेकेदार को चेतावनी दी कि काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बावजूद इसके हालात जस के तस हैं। यात्री सवाल उठा रहे हैं कि जब 25 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई जा चुकी है तो फिर स्टेशन का कायाकल्प समय पर क्यों नहीं हो रहा।

### स्टेशन पर 25 करोड़ से यह होना है कार्य

रेलवे स्टेशन बैतूल में 25 करोड़ की लागत से कई निर्माण कार्य होना है। जिसमें सर्कुलेटिंग एरिया रोड लागत 74 लाख, जल निकासी का कार्य 22 लाख, पार्किंग एरिया 36 लाख, पाथ-वे 24 लाख, भूनिर्माण, बागवानी 13 लाख, उद्यान सजावट, मूर्तियां 11 लाख, बाउंड्रीवाल 15 लाख, प्रवेश द्वार व बरामदे 32 लाख, भित्ती चित्र, दीवाल पेंटिंग 28 लाख, शौचालय, वेटिंग हॉल सुधार 1.3 करोड़, आवास 1.85 करोड़, नया बुकिंग ऑफिस 1.87 करोड़, छोटा ओवरब्रिज 12.77 करोड, साइन बोर्ड 13 लाख फर्नीचर 28 लाख, प्लेटफार्म के कवर 1.1 करोड़, बिजली काम 1.93 करोड़, दूरसंचार यात्री सुविधाएं लागत 92 लाख सहित अन्य कार्य होना है।

#### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

*चूंकि रेलवे यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर काम करना होता है, इसलिए निर्माण में देरी हो रही है। जहां तक गुणवत्ता की बात है तो लापरवाही बिल्कुल भी बर्दास्त नहीं की जायेगी। निर्माण कब तक पूरा करना है, यह तो फाइल देखकर ही बता पाऊंगा।*
*- **अमोल गेहूंकर**, पब्लिक रिलेशन ऑफिसर, नागपुर रेल*

## 80 अमृत भारत स्टेशनों में शामिल स्टेशन का उन्नयन कार्य इस वर्ष भी निर्धारित समय-सीमा में पूरा नहीं हो सकेगा

# अधर में लटका सपनों का अमृत भारत स्टेशन मुलताई, यात्रियों को कब मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं

**मुलताई।** मध्य प्रदेश के 80 अमृत भारत स्टेशनों में शामिल पवित्र नगरी मुलताई स्टेशन का उन्नयन कार्य इस वर्ष भी निर्धारित समय सीमा में पूरा नहीं हो सकेगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार अमृत भारत योजना के तहत चल रहे कार्य को पूर्ण होने में लगभग एक वर्ष और लग सकता है। मुलताई स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल किए जाने पर स्थानीय नागरिकों में जबरदस्त उत्साह था, लेकिन अब यह उत्साह निराशा और आक्रोश में बदलता जा रहा है। स्थिति यह है कि ठेकेदार अब तक आधारभूत कार्य भी पूर्ण नहीं कर पाया है, जिसके कारण यात्रियों को सुविधाएं मिलना तो दूर, वर्तमान में उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

अमृत भारत योजना के तहत मुलताई स्टेशन का नवनिर्माण एवं कायाकल्प लगभग 17 करोड़ रुपये की लागत से किया जाना है। ठेकेदार को संभावित रूप से पूरा कार्य 30 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करना था। इसके अलावा लोडिंग प्लेटफॉर्म निर्माण के लिए भी रेलवे द्वारा अलग से बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। हालांकि दोनों ही कार्य अभी अधर में लटके हुए हैं। कार्य की धीमी गति को देखते हुए समय सीमा समाप्त होने के एक वर्ष बाद भी कार्य पूरा हो पाएगा या नहीं, यह कहना कठिन है।






### स्टेशन के दोनों मुख्य द्वार भी अधूरे

पवित्र नगरी के अनुरूप स्टेशन के दोनों मुख्य द्वार आकर्षक डिजाइन में बन रहे हैं, लेकिन यह कार्य भी अभी आधा-अधूरा है। मुख्य प्रवेश द्वार बोरदेही रोड की ओर प्रस्तावित है, जहां स्टेशन के प्रवेश द्वार और मुख्य गेट के बीच आकर्षक गार्डन बनाया जाना है, लेकिन अभी तक यह कार्य प्रारंभ भी नहीं हुआ है।

मुख्य गेट के दोनों ओर ओवरब्रिज का निर्माण किया जाना है, जिन पर यात्रियों के लिए लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध होगी। महिलाओं के लिए अलग वातानुकूलित प्रतीक्षालय, आधुनिक एसी वेटिंग हॉल, ओवरब्रिज एवं अन्य स्टेशन विकास कार्य भी अधूरे पड़े हैं।

### एक साल का समय लगेगा

अमृत भारत योजना के तहत अभी कई कार्य शेष हैं। ओवरब्रिज सहित सभी कार्यों को पूर्ण होने में लगभग एक वर्ष का समय लगेगा।

**आकाश राजपूत**, रेलवे स्टेशन मास्टर, मुलताई

# जीआर देशमुख को मिला आमला नगर पालिका अधिकारी का प्रभार

## सीएमओ की बार-बार अदला-बदली से नपा में बढ़ी अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला



बीते लगभग दो वर्षों में आमला नगर पालिका में आधा दर्जन से अधिक सीएमओ बदले जा चुके हैं। पूर्व नगर पालिका अधिकारी नितिन बीजवे पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के बाद पद को लेकर बनी असमंजस की स्थिति अब समाप्त हो गई है। सोमवार को जी.आर. देशमुख ने आमला नगर पालिका अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया। यहां बार-बार बदलते सीएमओ के पीछे कई कारण बताए जाते हैं। पिछले कुछ महीनों से लगातार हो रही अदला-बदली और कमजोर सियासी पकड़ के बीच नए प्रभारी के पदभार लेने से पहले नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के घर हाजिरी देने की चर्चा राजनीतिक गलियारों में गर्म है। इसे कुछ लोग एक नई परंपरा की शुरुआत के रूप में देख रहे हैं।

### अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के घर जाना सिस्टम का हिस्सा: देशमुख

नए सीएमओ के कार्यभार ग्रहण से पहले अध्यक्ष-उपाध्यक्ष से मुलाकात को लेकर चल रही सियासी चर्चा पर जब सीएमओ जी.आर. देशमुख से सवाल किया गया तो उन्होंने इसे सिस्टम का हिस्सा बताया। उनका कहना है कि नगर परिषद प्रमुख से जाकर मिलना एक स्वाभाविक और औपचारिक परंपरा है, इसे अनावश्यक तूल नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि शहर की विकास गति को तेज करने के लिए प्राथमिकता के तौर पर काम किए जाएंगे।

### निर्माणाधीन नपा भवन में अनियमितताओं पर देंगे ध्यान

नए सीएमओ देशमुख ने न्यायालय भवन के सामने बन रहे निर्माणाधीन नगर पालिका भवन में संभावित अनियमितताओं की जांच का आश्वासन दिया है। ठेकेदार द्वारा नगर पालिका के बोरवेल और बिजली का उपयोग किए जाने संबंधी प्रश्न पर उन्होंने कहा कि फिलहाल उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है, जानकारी प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## क्लस्टर प्रभारी देर से पहुंचे, कई पंचायतों के सचिव-प्रतिनिधि रहे नदारद

# सांसद खेल महोत्सव को अव्यवस्थाओं ने किया फीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

महात्मा गांधी स्कूल ग्राउंड, भौंरा में मंगलवार को संसद खेल महोत्सव के अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र की 10 ग्राम पंचायतों मुढ़ा, हांडीपानी, बनाबेहड़ा, कछार, सालीमेट, खापा, झापड़ी, भौंरा, घपाड़ा और गुवाड़ी के विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत बरा की सरपंच मीरा धुर्वे, भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं भौंरा के उपसरपंच महेंद्र सिरोठिया, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिलीप माधव, शशि मिश्रा, नरेंद्र राठौर, सुनील धुर्वे और डॉ. सिकदार सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। खेल महोत्सव के दौरान कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन समेत कई खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



**क्लस्टर लेवल प्रतियोगिता में दिखी अव्यवस्था, जिम्मेदार रहे अनुपस्थित:** हालांकि आयोजन उत्साहपूर्ण रहा, लेकिन क्लस्टर स्तरीय इस प्रतियोगिता में प्रबंधन की अव्यवस्थाएं साफ झलकती रहीं। शासन द्वारा प्रत्येक पंचायत से एक सचिव और प्रभारी अधिकारी को विद्यालयों की टीमों एवं ग्रामीणों को लाने की जिम्मेदारी दी गई थी, किंतु भौंरा पंचायत को छोड़कर शेष नौ पंचायतों से कोई भी सचिव या प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ। क्लस्टर प्रभारी शैलेंद्र मिश्रा, जिन्हें प्रतियोगिता प्रारंभ कराने और खेलों के तकनीकी मानकों की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, सुबह से निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं हुए। वे लगभग दोपहर 2 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उनके आने के बाद ही खेल महोत्सव का बैनर लगाया गया और प्रतियोगिता का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया गया। देरी का कारण पूछे जाने पर प्रभारी शैलेंद्र मिश्रा ने बताया, कि मैं बैतूल से आ रहा था, रास्ते में ग्राम पाड़र में तेज वर्षा के कारण आने में विलंब हो गया।क्लस्टर प्रभारी के विलंब से आने के कारण प्रतियोगिता की शुरुआत नोडल प्रभारी शिवनारायण बारसे के निर्देशन में की गई।

**शिक्षक भी पहुंचे देर से, विद्यार्थियों को लाने में हुई देरी**

कई विद्यालयों के शिक्षक भी समय पर नहीं पहुंच पाए। शासकीय हाई स्कूल झापड़ी के प्रभारी अपने विद्यार्थियों को बोलेरो वाहन में लेकर दोपहर 2 बजे प्रतियोगिता स्थल पहुंचे। उन्होंने बताया कि,आज हमारे स्कूल के प्रभारी अधिकारी की मीटिंग थी, जिस कारण समय से रवाना नहीं हो सके।

कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए भविष्य में बेहतर प्रबंधन और समयबद्धता की आवश्यकता बताई। भौंरा सरपंच मीरा धुर्वे ने कहा कि ऐसे सरकारी आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का अवसर देते हैं। अधिकारियों को चाहिए कि वे समय पर उपस्थित रहकर पूरी जिम्मेदारी निभाएं ताकि बच्चों का उत्साह बना रहे।

### लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य अमले को नोटिस जारी

**बैतूल ।** विगत दिवस देर रात्रि को शोभापुर निवासी सारिका मिस्त्री के पुत्र तुषार मिस्त्री के अंगूठे कट जाने के मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अमले द्वारा लापरवाही बरती गई। जिसे बैतूल कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने गंभीरता से लिया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज कुमार हुरमाड़े ने बीएमओ घोड़ाडोंगरी सहित जिम्मेदार सभी स्वास्थ्य अमले को अनुशासनात्मक एवं दंडात्मक कार्यवाही के संबंध में सख्त नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस के अनुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा मरीज तुषार मिस्त्री के इलाज में कई स्तर पर लापरवाही बरती गई, जिसमें डयूटी के दौरान चिकित्सा अधिकारी अस्पताल में उपस्थित नहीं पाए गए। आवश्यक ईलाज सामग्री के लिए मरीज के परिजन को परेशानी उठानी पड़ी और इलाज में उचित प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया। जिससे मरीज और उनके परिजनों को समस्या का सामना करना पड़ा। साथ ही मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार किसी भी उपचार के लिए अस्पताल आए पीड़ित मरीज को कोई भी दवाई या उपकरण बाहर से नहीं बुलाने के निर्देश का भी पालन नहीं किया गया। पूरे मामले में शासकीय कर्तव्य निर्वहन के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.हुरमाड़े ने खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डॉ.संजीव शर्मा, चिकित्सा अधिकारी घोड़ाडोंगरी डॉ. सोनू गोंड, नर्सिंग ऑफिसर भावना पंडोले, संविदा एएनएम शिवरती धुर्वे एवं वार्ड बॉय श्री शैलेश वामनकर को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के अंदर जवाब तलब किया है। जवाब संतोषप्रद न होने की दशा में संबंधितों के विरुद्ध एक पक्षीय दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी और अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया जाएगा।

## जिला पंचायत सीईओ ने जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं

# जनसुनवाई में शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता से हो: सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर किया। जनसुनवाई में कुल 141 आवेदन प्राप्त हुए। सीईओ जैन ने कहा कि जनसुनवाई शासन की एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है, जिसके माध्यम से आम नागरिक अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखते हैं। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक आवेदन का समय सीमा में समाधान किया जाए और जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस दौरान ग्राम आवरिया निवासी कमल मर्सकोले द्वारा किरायेदार से ट्रैक्टर वापस दिलाए जाने के आवेदन पर जिला पंचायत सीईओ ने थाना प्रभारी चिचोली को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। वहीं मुलताई निवासी रामदास द्वारा अनावेदकों पर कानूनी कार्रवाई किए जाने के आवेदन पर जिला पंचायत सीईओ ने मुलताई एसडीएम को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में बैतूल मुख्यालय के कंपनी गार्डन निवासी राहुल पाल ने अतिक्रमण हटाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने बैतूल तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा कंपनी गार्डन निवासी गंगा पाल ने आवेदन के माध्यम से स्वर्गवासी पति की पेंशन चालू करने और लोन माफ किए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर जिला पंचायत सीईओ ने एलडीएम को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बाकुड़ सातनेर निवासी कृति गाड़गे ने आवेदन के माध्यम से निजी कॉलेज से दाखिला निरस्त कर फीस की राशि वापस दिलाए जाने की मांग की। जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।



### अवैध कब्जा दिलाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में आमला तहसील के बोड़खी निवासी राजन कुमार गोहे ने अनावेदक द्वारा भूमि पर किए गए अवैध कब्जे की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने आमला तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आमला तहसील के ग्राम संतुढाना चिखलार निवासी चिन्धा बाई ने अनावेदकों से अवैध कब्जा दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर जिला पंचायत सीईओ ने आमला तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल मुख्यालय के शास्त्री वार्ड सदर निवासी नारायण यादव ने आवेदन के माध्यम से प्लाट पर अवैध रूप से फेंसिंग किए जाने की शिकायत की। जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने बैतूल तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम पिपला निवासी बीरालाल ने भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर सीईओ ने बैतूल तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

### बही में नाम सुधारने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में आठनेर तहसील के ग्राम सावंगी निवासी रेखा ने आवेदन के माध्यम से बही में नाम सुधारे जाने की गुहार लगाई। जिस पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने आठनेर तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर शीघ्र बही में नाम सुधारने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आठनेर के ग्राम धामोरी निवासी राजकुमारी परते ने भूमि से नाम हटाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने आठनेर तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। चिचोली तहसील के ग्राम कोढर निवासी मानकर यादव ने बैंक द्वारा खाते से की जा रही अनावश्यक कटौती की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर जिला पंचायत सीईओ ने बैंक एलडीएम को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

## ट्रेन में छुटा महिला यात्री का पर्स आरपीएफ इटारसी ने लौटाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सोमवार को रेल मदद से शिकायत मिली कि गाड़ी क्र. 07019 के कोच बी-6 की बर्थ क्र. 23 पर मंदसौर से भोपाल की यात्रा के दौरान महिला यात्री सलोचना बाबानी का लेडीज पर्स जिसमें स्वर्ण आभूषण व नगदी के छूट गया है। उक्त सूचना पर निरीक्षक प्रभारी आरपीएफ इटारसी के निर्देशन पर उपनिरीक्षक ओपी गुर्जर एवं आरक्षक गोपाल सिंह द्वारा गाड़ी को इटारसी स्टेशन पर अटेंड कर चेक किया गया। तो यात्री द्वारा बताएं गई बर्थ पर एक लेडिस पर्स पाया गया। जिसे उतार कर आरपीएफ थाने लाया गया और यात्री को सूचित किया गया। कुछ देर बाद यात्री के चचेरे भाई जीवन कुमार जमना प्रसाद कलतारी ने आरपीएफ थाना इटारसी पहुंचकर लेडिस पर प्राप्त किया। लेडीज पर्स मय 04 नग गोल्ड अंगूठी, 03 नग अंगूठी ग्राम वाली, 01 नग आर्टिफिशल मंगलसूत्र, 02 गोल्ड चैन व नगद 17530, कुल कीमत 3,17,530 महिला यात्री को सुपुर्द किया।

### विकासखण्ड में हुआ जनसुनवाई का आयोजन

# जन सुनवाई में नागरिकों ने दिए समस्या निराकरण मांग के आवेदन

स्थानीय जपं सभागार में मंगलवार को सामूहिक जन सुनवाई की गई। जिसमें नागरिकों ने समस्या निराकरण की मांग के आवेदन दिए हैं। सभी आवेदन संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजे गए हैं।




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

स्थानीय जपं सभागार में मंगलवार को सामूहिक जन सुनवाई की गई। जिसमें नागरिकों ने समस्या निराकरण की मांग के आवेदन दिए हैं। सभी आवेदन संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजे गए हैं।

ग्रापं नयागांव सरपंच खुशबू रघुवंशी के आवेदन अनुसार ग्राम नयागांव की शमशान भूमि का पहुंच मार्ग नहीं है, तालाब के कारण निर्मित संभव नहीं व अतिक्रमण है। अतः शमशान के लिए अलग भूमि आवंटित की जाए।रशीद शाह किलापुरा ने उल्लेख किया है कि पलकमती नदी किनारे शासन ने मिट्टी के बड़े-बड़े ढेर लगाए थे ताकि बाढ़ का पानी घरों में न पहुंचे। लेकिन जेसीबी मशीन से मिट्टी ढोई जा रही है, जिस पर रोक की मांग की गई है। छोटेवीर विश्वकर्मा बारंगी के आवेदन अनुसार सोहागपुर तहसीलदार के 28 अगस्त 2025 के पत्र.में उल्लेख है कि शासकीय गोहे पर आवेदक अतिक्रमण कर कृषि कर रहा है। आवेदक ने शासकीय गोहे के सीमांकन करने की मांग की व उल्लेख किया है कि यदि उसका अतिक्रमण पाया गया तो वह कब्जा छोड़ने एवं जुर्माना भरने को तैयार है। राहुल निवासी नगतरा ने गरीबी रेखा सूची में नाम जोड़ने की मांग की है। प्रहलाद गढ़वाल गांधी वार्ड सोहागपुर ने उल्लेख किया है कि हीरापुर पारदी टोला के पास उनके खेत से लगी सरकारी भूमि पर राकेश पारदी ने अतिक्रमण कर रास्ता बंद किया है। सुखराम वंशकार ने पट्टे के लिये आवेदन दिया है। वंदना पगारे बम्होरी खुर्द के आवेदन अनुसार गांव के वार्ड क्रमांक 1 में निवासरत लोग अटल ज्योति योजना लाभ से वंचित हैं। अगले आवेदन में कमोद व कमलेश ने उल्लेख किया है कि निभौरा ग्राम में खसरा नंबर 209 का 4.50 एकड़ शासकीय भूमि है तथा कुछ लोगों ने राजस्वकर्मियों से मिलकर शासकीय भूमि को अपने नाम पर दर्ज कराकर बेच दिया है। हरिशंकर बाने के आवेदन अनुसार लांघा बम्होरी के समीप स्टेट हाईवे किनारे किए गए अतिक्रमण को लेकर एसडीएम को एमपीआरडीसी ने पत्र भेजा था, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटा है। आवेदक के अनुसार अतिक्रमण उसके खेत से लगा है, जिसके कारण कृषि कार्य में बहुत परेशानी होती है। अतः जल्द उक्त अतिक्रमण हटाया जाए।

## एसडीएम नीलेश शर्मा ने किया कृषि उपज मंडी का निरीक्षण

### भावांतर योजना के क्रियान्वयन पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) एवं कृषि उपज मंडी के भार साधक अधिकारी नीलेश शर्मा ने आज मंडी परिसर का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मंडी सचिव प्रशांत पाण्डेय भी उपस्थित थे। एसडीएम शर्मा ने मुख्य रूप से भावांतर भुगतान योजना के तहत चल रहे विक्रय कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

#### व्यवस्थाओं का निरीक्षण और दिशा-निर्देश

एसडीएम ने मंडी परिसर में मौजूद समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि मंडी में आने वाले किसानों को उनकी उपज बेचने और भावांतर योजना का लाभ लेने में कोई कठिनाई न हो।

#### सीसीटीवी और बाजार भाव की समीक्षा

निरीक्षण के दौरान, एसडीएम शर्मा ने परिसर की सुरक्षा और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी देखे। उन्होंने आज की कृषि उपज की आवक और बाजार भाव की समीक्षा की। तथा आवश्यक निर्देश दिये

#### मंडी में दर्ज हुई आवक

- आज मंडी में सोयाबीन की कुल आवक 2821 बोरा दर्ज की गई।
- कुल आवक में से 535 बोरा सोयाबीन की बिक्री भावांतर योजना के अंतर्गत की गई।
- सोयाबीन के आज के भावबाजार में आज सोयाबीन का भाव निम्न प्रकार रहा:

* निम्नतम दर: रू 3500 प्रति क्विंटल

* मध्यम दर: रू 3800 प्रति क्विंटल

* उच्चतम दर: रू 4321 प्रति क्विंटल

- एसडीएम के इस निरीक्षण से यह स्पष्ट है कि प्रशासन किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और मंडी में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए गंभीर है।

## इटारसी में भव्य 'नगर अन्नकूट' संपन्न श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

### इटारसी के सबसे बड़े नगर अन्नकूट में 15 हजार से अधिक लोगों ने लिया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



धर्म और आस्था के केंद्र श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार, इस वर्ष भी विशाल नगर अन्नकूट का भव्य आयोजन सोमवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन इटारसी का इकलौता सबसे बड़ा नगर अन्नकूट है, जिसमें इस वर्ष भी धर्मप्रेमी जनता का अपार सहयोग और उत्साह देखने को मिला।

गोवर्धन पूजन और अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से गोवर्धन पूजन के साथ हुई। इसमें क्षेत्रीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और गोवर्धन महाराज एवं माँ दुर्गा का पूजन कर आशीर्वाद लिया।

पूजन के मुख्य यजमान के तौर पर श्रीमती अनीता सुरेंद्र सैनी एवं श्रीमती किरण सुनील दुबे ने गिरिराज गोवर्धन महाराज और गौमाता का विशेष पूजन-अर्चन किया। पूजन का कार्य मुख्य आचार्य पं. अतुल कृष्ण मिश्रा के सान्निध्य में बड़ी संख्या में विप्र बंधुओं द्वारा संपन्न कराया गया। मंदिर के स्थाई पुजारी सत्येंद्र पांडे एवं पीयूष पांडे ने भी विशेष सहयोग दिया।

#### 15 हजार से अधिक लोगों ने पाया प्रसाद

श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद पगारे और समस्त पदाधिकारियों के अथक परिश्रम से यह विशाल आयोजन सफल हुआ। शाम 7 बजे से शुरू हुआ प्रसाद वितरण रात्रि 11:30 बजे तक अनवरत जारी रहा। अनुमान है कि नगर के 15 हजार से अधिक धर्मप्रेमी नागरिकों ने इस महाप्रसाद को ग्रहण किया, जो इस आयोजन की भव्यता को दर्शाता है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी, मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, नपा उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत, सभापति राकेश जाधव, गीता पटेल, पार्षद वंदना ओझा, मनीषा अग्रवाल, एसडीएम निलेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, राजनेता एवं व्यापारी वर्ग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में नेताओं ने दी एकजुट की सीख



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार शाम सोहागपुर शहर में संपन्न हुआ। जिसमें नर्मदापुरम जिला मुख्यालय तथा अन्य क्षेत्रों से आए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुटता की सीख दी। सोहागपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आलोक जायसवाल एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार दोपहर सम्मेलन हुआ। जिसमें नर्मदापुरम जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी ओम पटेल तथा सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में 'वोट चोर-गद्दी छोड़' कार्यक्रम प्रभारी प्रदीप रघुवंशी की विशेष उपस्थिति में संवाद कार्यक्रम हुआ। जिसमें पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मेहरबान सिंह पटेल, अधिवक्ता मंगल सिंह रघुवंशी, पूर्व नपाध्यक्षद्वय संतोष मालवीय एवं अभिलाष सिंह चंदेल, माखननगर ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र मुराडिया, अधिवक्ता बीके शर्मा, सरपंच सुधीर सिंह ठाकुर, प्रशांत जायसवाल, राजकुमार रघुवंशी, नीरज चौधरी, राजा भैया पटेल, प्रकाश मालवीय, कार्तिक शर्मा, आजाद सिंह पटेल, देवांशु शर्मा, भास्कर माझी, मंजेश ठाकुर, रमन शुक्ला, अरुण तिवारी, नीलेश राय, अजूदि पटेल, अखिलेश ठाकुर सहित कांग्रेस परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## इटारसी केमिस्ट संगठन के अध्यक्ष बने कामेश अग्रवाल



इटारसी। गत दिवस इटारसी केमिस्ट संगठन का गठन किया गया। लंबे समय से केमिस्ट एसोसिएशन में अध्यक्ष का पद रिक्त था, जिसकी पूर्ति के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिस चुनावी कार्यकारिणी का गठन हुआ उसमें अध्यक्षता राजकुमार बत्रा ने की एवं सदस्य के रूप में ललित अग्रवाल, सुन्नू बत्रा, भारत भूषण मिश्रा, संतोष अग्रवाल, अजीत जैन की समिति ने मिलकर सर्वसम्मति से सभी केमिस्ट साथियों की उपस्थिति में निर्विरोध कामेश अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर विधायक डॉ सीताशरण शर्मा ने उपस्थित होकर सभा को संबोधित करते हुए कामेश अग्रवाल को बधाई दी। साथ ही साथ लाइंस क्लब के साथी भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में अशोक अग्रवाल, दीपक हरिनारायण अग्रवाल, राहुल चौरे, राजेंद्र सोनी, सुरेश नवलानी, रेलवे अधिकारी सचिन शर्मा इत्यादि साथियों ने बधाई प्रेषित की।

## पटवा लाइन के पास खुले में शौच करने वालों पर होगी कार्रवाई सभापति जाधव ने दी समझाइश



इटारसी। बाजार क्षेत्र की पटवा लाइन में व्यापारियों की शिकायत पर नगर पालिका सभापति राकेश जाधव ने निरीक्षण किया। व्यापारियों ने बताया कि गली में आने-जाने वाले कुछ लोग खुले में टॉयलेट कर रहे हैं, जबकि इस क्षेत्र में महिलाओं का आना-जाना अधिक रहता है। सूचना मिलने पर सभापति श्री जाधव मौके पर पहुंचे और संबंधित गली का निरीक्षण किया। उन्होंने तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए और गली को अस्थायी रूप से बंद करने के आदेश भी दिए, ताकि दोबारा ऐसी स्थिति न बने। सभापति ने मौके पर मौजूद लोगों को समझाइश दी कि आसपास ही सार्वजनिक यूरिनल उपलब्ध हैं, सभी नागरिकों को उनका ही उपयोग करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है, और इस प्रकार की हरकतें शहर की छवि को खराब करती हैं। साथ में स्वच्छता निरीक्षक कमल आर्य मौजूद थे।

## तुलसी नगर की जमीन पर सियासत गरमाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र की पुरानी गल्ला मंडी परिसर में लंबे समय से प्रत्येक 3 वर्ष में श्रीराम चरित मानस यज्ञ का आयोजन किया जाता है। यह सभी परिसर सरकारी जमीन है। यहां पर जब मंडी लगा करती थी तब गल्ला व्यापारी वर्ग ने कलेक्टर से लीज पर जमीन ली जिसमें आज भी दुकान मकान बने हुए हैं।

लेकिन अब नगर पालिका परिषद के द्वारा जहां पर वक्ताओं के मंच बनते हैं। जहां पर यज्ञ शाला बनती है उस जगह पर अभी वर्तमान समय में कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया है। जहां पर कांग्रेस कमेटी का भवन है। उसके बाजू में खाली जमीन पर तथा भाजपा कार्यालय के आसपास दुकान के निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन कांग्रेस कमेटी व्यपारी वर्ग ने विगत दिनों अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान के कार्यालय में तथा अन्य जगह आपत्ति प्रस्तुत की है।इस बात को आगे बढ़ाते हुए।26/10/25को कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतूं पटवारी को भी कांग्रेस कमेटी नेयज्ञ स्थल पर पहुंचे और उन्हें जानकारी दी गई।तो उन्होंने कहा कि यह यदि संस्कृती धर्म ध्वजा आदि को लेकर विरोध किया है तो इस मामले को जन आंदोलन बनाने की कार्रवाई की जावे। लोगों को जागरूक किया जाएगा उनके घर जाकर बताना होगा यदि अधिक जरुरत है तो हम लोग शामिल होकर आमसभा करेंगे। इस दौरान कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष,नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष एन एस यू आइ अध्यक्ष सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

इस विषय पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ने बताया कि जिस यज्ञ स्थल पर कांग्रेस कमेटी आपत्ति प्रस्तुत कर रही है। तथा राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा है। मुद्दा बनाया गया है। उस जगह पर नगरपालिका परिषद के द्वारा कोई निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है। उस जगह को सुरक्षित रखा गया है।

कांग्रेस कमेटी के लोग शामिल हुए कुछ व्यापरी संघ के लोग जनता को गुमराह कर राजनीति चमकाने में लगे हैं। भाजपा सरकार हमेशा स्वदेशी चीजोंके उपयोग करने तथा सनातन संस्कृति धर्म ध्वजा लेकर हमेशा आगे रहते हैं। जहां लोग अतिक्रमण पक्का करने का प्रयास कर रहे थे। वहीं पर एक तरफ लाइन से दुकान बनाई है।

## खाद न मिलने से परेशान किसानों ने किया धरना प्रदर्शन

### मंगलवार थाने के पास चौराहे पर एकत्रित होकर जताया विरोध, अधिकारियों की समझाईश के बाद माने

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की सभी पंचायतों के किसान खाद वितरित करने वाले अधिकारियों से परेशान हैं। अधिकारी एम पी एग्रो से लेकर डबल लाक से वितरण को लेकर परेशान हैं। किसानों का आरोप है। अधिकारी सांसद विधायक सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधियों से सूची उनके किसानों की बुलाकर गाड़ीयां ही भरकर भेजा देते हैं। लेकिन अभी भी आम किसान मजदूर को नहीं मिल रहा है। इसके विरोध में प्रदर्शन किया गया मंगलवारथाने के पास चौराहे पर लेकिन अधिकारी वर्ग की समझाइश के बाद समाप्त हो गया। डीएपी खाद यूरिया खाद की हमेशा अधिकारी कमी ही बता देते हैं। डबल लाक प्रभारी भारत सिंह निमोदा तो हमेशा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान का नाम लेकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। कहते हैं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान ने कहा है कि उनकी वगैर अनुमति के किसी को नहीं दिया जाएगा इसके बाद खुद ही कब टोकन वितरण कर देते हैं दलाल किसान मजदूर को टोकन बैंच देते हैं। एमपी एग्रो से टोकन ना मिलने से नाराज़ किसान मजदूर संघ ने धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसमें यातायात प्रभावित हुआ।इस दौरान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतूं पटवारी भी पचमढ़ी जाते समय डबल लाक प्रभारी भारत सिंह निमोदा प्रबंधन डबल लाक से वितरण को लेकर जानकारी ली किसान मजदूर संघ से जुड़े हुए लोगो से चर्चा कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## निर्वाचन आयोग प्रेक्षक ने किया पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण

सोहागपुर। इन दिनों राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य समूचे प्रदेश में जारी है। पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण करने समय पर राज्य निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक आते हैं। इसी क्रम में मंगलवार को सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय की निर्वाचन शाखा में निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक एके सिंह ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की विधानसभा क्षेत्र में प्रगति की जांच की। सिंह ने नगर पालिका एवं पंचायत पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम की जानकारी भी ली। उन्होंने नगर पालिका एवं पंचायत पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त दावों व आपत्तियों की जानकारी ली। एवं मतदाता सूची शुद्धिकरण को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान एसडीएम प्रियंका भल्लावी, तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े, नायब तहसीलदार नीरू जैन, निर्वाचन प्रोग्रामर अमित मिश्रा ने प्रेक्षक सिंह को वांछित जानकारी से अवगत कराया।

### अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# भावांतर योजना की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



उपखंड अधिकारी एवं मंडी भार साधक अधिकारी विजय राय ने मंगलवार को सिवनी मालवा कृषि उपज मंडी का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में चल रही विक्रय सत्यापन प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान राय ने भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत रखे जा रहे। सैंपल्स का परीक्षण किया। उन्होंने सैंपल्स के विधिवत संधारण, पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने मंडी स्टाफ को निर्देशित किया कि प्रत्येक सैंपल को निर्धारित मानकों के अनुसार संरक्षित किया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी विवाद की स्थिति में सही मूल्यांकन किया जा सके। श्री राय ने मंडी कार्यालय के विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण करते हुए रिकॉर्ड संधारण, सफाई व्यवस्था और किसानों को दी जा रही सुविधाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत का उचित मूल्य मिलना सरकार की प्राथमिकता है, और भावांतर योजना इसी दिशा में एक सशक्त कदम है।

## जागरूकता: बालिकाओं को बताया गया शिक्षा का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर मंगलवार को ग्राम मोहगांव (बागरा)में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ कार्यक्रम के आयोजन में ग्राम पंचायत के सरपंच विशाल मालवीय ने बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित किया और कहा की बालिका अगर शिक्षित होती है तो दो परिवार शिक्षित होते हैं कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक अधिकारी कर्मचारी उपसरपंच रमेश यादव ग्राम पंचायत सचिव गोपाल मेहरा एवं महिला बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर कृष्णा तिवारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका शामिल रहे।



**आम सूचना**

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर / इंदिरा कालोनी में भवन प्रियदर्शनीय नगर LIG-A-25 श्री इरफान खान पिता सलीम खान के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्री मनीष जैन पिता टीकाराम अपने नाम नामान्तरण कराना चाहते हैं। उक्त भवन का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 पन्द्रह दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अघोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगीं ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद इटारसी**

**आम सूचना**

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर / इंदिरा कालोनी में भवन प्रियदर्शनीय नगर LIG-B-37 श्री शरद कुमार पटेल पिता मदनमोहन पटेल के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्रीमति शिवकुमारी खरे पति कृष्ण कुमार पटेल अपने नाम नामान्तरण कराना चाहती हैं। उक्त भवन का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 पन्द्रह दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अघोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगीं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद इटारसी**

**खबर संक्षेप**

## अवैध मदिरा के विक्रय के विरुद्ध 8 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण, परिवहन की रोकथाम हेतु ग्राम कमताड़ा, डोमनमऊ, रोलगांव, गोमगांव, आमाखाल, पीपल्या, भगवानपुरा, सुन्दरपानी, पटाल्दा, रहटाकला व खुदिया में दबिश देकर 14 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 32 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब एवं 390 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 8 प्रकरण दर्ज किए गए। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 44200 रुपए है।

## ज्ञानी मोहकम सिंघ द्वारा कीर्तन दीवान सजाया जाएगा



**खिरकिया।** सिक्ख धर्म के आदि गुरु गुरुनानक देव महाराज का प्रकाश पर्व गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा खिरकिया द्वारा उत्साहपूर्वक एवं धूमधाम से मनाया जाएगा। इस निम्मित से अलसुबह 5 बजे प्रभातफेरी निकाली जा रही है जिसमे समाज के महिला-पुरुष सहित बच्चे भी शामिल होकर हरजस वाणी के शबद - कीर्तन का गायन करते हैं। इन प्रभात फेरियों का समापन 3 नवंबर को होगा। 5 नवंबर को सुबह 10 बजे श्री सहज पाठ साहिब जी की समाप्ति होगी, उसके बाद ज्ञानी मोहकम सिंघ द्वारा कीर्तन दीवान सजाया जाएगा। 12 बजे से गुरु का लंगर आयोजित होगा, जिसमें सभी श्रद्धापूर्वक लंगर प्रसादी ग्रहण करेंगे। दोपहर 3 बजे से नगर कीर्तन निकलेगा जो गुरुद्वारा भवन से नगर परिषद् कार्यालय, जामामस्जिद, गांधीचौक, पीपल चौराहा, अखंड भारत चौक होते हुए मंडी गेट तक जाकर वापिस गुरुद्वारा भवन में समाप्त होगा। गुरुसिंघ सभा अध्यक्ष सरदार हरभजन सिंघ भाटिया ने बताया कि नगर कीर्तन में निशाने खालसा गतका दल तरणतारण के सदस्यों द्वारा हैरतअंगेज करतबों की प्रस्तुति दी जाएगी। रात्रि में 10 बजे से बाल कवि दरबार आयोजित होगा।

**गरिमामई ढंग से किया जाए मध्य प्रदेश स्थापना दिवस का आयोजन : कलेक्टर**

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को पढ़ें समझें और समय सीमा में निराकरण करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को पढ़ें, समझें और उनका समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत के नॉट अटेण्ड होने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन की सतत मॉनिटरिंग करें। सभी अधिकारियों को शिकायतों की जानकारी होना चाहिए। यह निर्देश कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित समयांकित पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में बेहतर प्रदर्शन के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। बैठक में अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा, अनुभागीय अधिकारी राजस्व हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। उन्होने कहा कि मध्य प्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन गरिमापूर्ण ढंग से किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए की सभी संबंधित विभाग प्रमुख स्थापना दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय भवनों पर 1 नवम्बर की रात्रि को प्रकाश की व्यवस्था की जाये। बैठक में कलेक्टर ने वृंदावन ग्राम योजना के तहत सभी विभाग प्रमुखों को विभागीय योजनाओं के तहत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिये। इस दौरान कलेक्टर ने ई-केवायसी के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों ई-केवायसी कार्य में गति लाने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ई ऑफिस के तहत किसी भी कार्यालय में फाइलों को पेंडिंग न रखा जाए। सभी कार्यालय में ई ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही कार्य किया जाए। किसी भी प्रकार के संशय की स्थिति में ई गवर्नेंस मैनेजर से संपर्क कर मार्गदर्शन लें। बैठक में कलेक्टर ने मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के अधिकारी को खिरकिया से हरदा मार्ग का रिपेयरिंग कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं



*हरदा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रवीण इवने सहित अन्य जिला अधिकारी पस्थित थे। जनसुनवाई में ग्राम नांदवा निवासी मनीष उइके ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर नरवाई में आग से खेत के पाइप जलने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने तहसीलदार हरदा को मामले की जांच कर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में कुंजरगांव निवासी गंगाराम ने कलेक्टर को नक्शा दुरूस्त कराने के लिये आवेदन दिया, जिस पर उन्होने तहसीलदार हंडिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम मांगरूल निवासी शेषराम सहित अन्य ग्रामीणों ने पीएम आवास निर्माण के लिये रेत उपलब्ध कराने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने जिला खनिज अधिकारी को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में बैरागढ़ निवासी रानी ने कलेक्टर को आवेदन देकर पट्टा बनवाने की मांग की, जिस पर उन्होने तहसीलदार हरदा को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।*

# हैहय वंशीय ताम्रकार समाज ने राजराजेश्वर सहस्त्रार्जुन महाराज की जयंती मनाई

**हरदा।** मंगलवार को हैहय वंशीय ताम्रकार समाज ने राजराजेश्वर सहस्त्रार्जुन महाराज जयंती बड़े उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ मनाई। सुबह से ही समाज की महिलाओं ने अपने-अपने घरों के मुख्य द्वारों पर आकर्षक रंगोलियां सजाईं। कई महिलाओं ने थीम आधारित रंगोली बनाकर सामाजिक संदेश भी दिए। समाज की एक बेटी ने रंगोली के माध्यम से बेटियों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। महिलाओं के इन प्रयासों ने आयोजन में विशेष आकर्षण पैदा किया।

कसेरा मोहल्ले से निकली शोभायात्रा शहर में जयंती अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो कसेरा मोहल्ले से प्रारंभ होकर जैसानी चौक, गणेश चौक, घंटाघर होते हुए गुप्तेश्वर मंदिर तक पहुंची। यात्रा में समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। गुप्तेश्वर मंदिर परिसर स्थित भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और प्रसाद वितरण किया गया। सामाजिक एकता और कुरीतियों को दूर करने का लिया संकल्प महिला मंडल की सचिव वंदना चंद्रवंशी ने बताया कि समाज के सभी लोगों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर जयंती महोत्सव में भाग लिया। इस दौरान समाज ने सामाजिक एकता बनाए रखने और कुरीतियों को दूर करने का संकल्प भी लिया। तीन दिवसीय आयोजन में समाज की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



### सहस्त्रबाहु अर्जुन क्षत्रिय धर्म की रक्षा के प्रतीक

समाज अध्यक्ष मनोज चंद्रवंशी ने बताया कि सहस्त्रार्जुन महाराज हैहयवंशी राजा थे और उन्हें भगवान विष्णु का 24वां अवतार माना जाता है। उन्होंने बताया कि भगवान ने कठोर तपस्या से 10 वरदान प्राप्त किए और चक्रवर्ती सम्राट बने। वे भगवान दत्तात्रेय के परम भक्त थे, जिनकी उपासना से उन्हें सहस्त्र भुजाओं का वरदान मिला। इसी कारण उन्हें सहस्त्रबाहु अर्जुन कहा जाता है। धर्म रक्षा और समाज उत्थान का प्रतीक पर्व मनोज चंद्रवंशी ने कहा कि सहस्त्रार्जुन जयंती क्षत्रिय धर्म की रक्षा और सामाजिक उत्थान के प्रतीक रूप में मनाई जाती है। पूजन-अभिषेक के बाद महा आरती और बुजुर्गों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, जागरूकता और सामाजिक सुधार को बढ़ावा देना रहा।

**गांव-गांव जाकर किया गया संपर्क**

# आज कांग्रेस करेगी कलेक्टर कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिला कांग्रेस किसानों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर बुधवार 29 अक्टूबर को कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेगी।

कांग्रेस का कहना है कि जिले के किसान आज चार माह से लाइन में लगा हुआ है न तो समय पर खाद मिली न फसल नुकसानी की राहत राशि। इसकी को लेकर आज जिला कांग्रेस कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपेगी। उक्त कार्यक्रम में किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान एवं जिले की संगठन प्रभारी रचना जैन शामिल होंगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय समन्वयक हेमंत टाले, सूरज सिंह राजपूत, सतीश भादू ने गांव गांव जाकर किसानों से संपर्क किया। नीमगांव, उन्डवा, सोनतलाई, बिछोला, कचबैडी, पंचोला, रातातलाई, खेड़ा, भवरतलाव, अबगांव कला सहित अन्य गांवों का दौरा किया। इस दौरान किसानों से आज घेराव में आने का आह्वान किया। दौरे में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साईं ब्लाक अध्यक्ष सुरेन्द्र बिश्नोई विधायक प्रति निधि राहुल पटेल अनिल बिश्नोई सतीश भादू सहित अन्य साथी थे।


## सनाढ्य ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में अन्नकूट महोत्सव का किया गया आयोजन



**सीहोर।** शहर के भोपाल नाका स्थित एक निजी गार्डन में सनाढ्य ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष पंडित अनिल उपाध्याय और कार्यकारी अध्यक्ष पंडित मुरली शर्मा सहित अन्य ने यहां शामिल करीब 40 से अधिक प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हरिओम दाऊ, पंडित शैलेष तिवारी, महिला मंडल की अध्यक्ष उषा श्रोत्रिय और कार्यकारी अध्यक्ष मुरली शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष आजाद पाराशर आदि ने संबोधित किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष पंडित अनिल उपाध्याय और कार्यकारी अध्यक्ष पंडित मुरली शर्मा ने बताया कि सनाढ्य ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में पारिवारिक दीपावली समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें महिला वर्ग में मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता, बालक-बालिका वर्ग में चेयररेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें करीब 40 से अधिक प्रतिभागियों को पुरस्कार का वितरण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# दो दिन में 3.7 मिमी औसत बारिश हुईः मानसून की वापसी के बाद भी वर्षा जारी, तापमान में आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



जिले में लगातार दूसरे दिन मौसम का मिजाज बदला हुआ रहा। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। जिले के कई इलाकों में दिनभर रुक-रुक कर रिमझिम बारिश जारी है। खास बात यह है कि मानसून की वापसी के बाद भी यह लगातार दूसरा दिन है जब मौसम में ठंडक और नमी महसूस की गई।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, बीते दो दिनों से जिले में मानसून फिर से सक्रिय है। सोमवार को जावर में 8 मिमी, सीहोर में 1 मिमी, श्यामपुर में 2.5 मिमी, आष्टा में 2 मिमी, इछावर में 7 मिमी, भेरूंदा में 5 मिमी और रेहटी में 4.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस तरह बीते 24 घंटों में जिले में कुल 3.7 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई। बारिश के इस सीजन को देखते हुए 1 जून से अब तक जिले में कुल 1094.3 मिमी बारिश हो चुकी है। जबकि पिछले साल इसी अवधि में 1167.8 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। यानी इस बार अब तक पिछले साल के मुकाबले कम बारिश हुई है।

सीहोर में 930 मिमी, श्यामपुर में 957 मिमी, आष्टा में 903 मिमी, जावर में 818 मिमी, इछावर में 982 मिमी, भेरूंदा में 1243 मिमी, बुधनी में 1590 मिमी और रेहटी में 1330 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। गौरतलब है कि इस साल सीहोर जिले में मानसून ने 21 जून को दस्तक दी थी।

बावजूद इसके, जिले में औसत बारिश का आंकड़ा अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। इसी कारण पिछले साल की तुलना में इस वर्ष जिले में अब तक कम वर्षा दर्ज हुई है।

# महिला कांग्रेस अध्यक्ष की नवीन नियुक्ति के लिए महिला कांग्रेस नेत्रियों से लिए बायोडाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



अखिल भारतीय महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल एवं मध्य प्रदेश महिला कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष नूरी खान के निर्देश पर महिला कांग्रेस संगठन सृजनात्मक कार्यक्रम के लिए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजरात की अध्यक्षता, सीहोर जिला प्रभारी चंदा चौहान, महक राणा के विशेष आतिथ्य एवं आयोजन कर्ता महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर की उपस्थिति में दिनांक 27 अक्टूबर 2025, सोमवार को जिला मुख्यालय कांग्रेस कार्यालय बस स्टैंड सीहोर में जिले के वरिष्ठ नेताओं व महिला कांग्रेस नेत्रियों की उपस्थिति में महिला कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत बैठक आयोजित कर नवीन महिला कांग्रेस अध्यक्ष हेतु रायसुमारी की गई।

सर्व प्रथम अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेट कर महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर ने सभी महिला कांग्रेस नेत्रियों को संगठन सृजन अभियान के तहत हो रही रायसुमारी के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर महिला कांग्रेस नेत्रियों से महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष हेतु चर्चा की गई एवं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद उम्मीदवार हेतु बायोडाटा लिये गये। ज्ञातव्य है कि पूर्व में भी जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए भी संगठन सृजन का कार्यक्रम हुआ था। इसी तारतम्य में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिये भी नवीन नियुक्ति हेतु रायसुमारी की गई। इस अवसर पर मीरा रायकवार, तबस्सुम खान, ममता कीर, दिप्ती कीर, ममता ठाकुर, ममता शर्मा, तेजु सौलंकी, रीना मालवीय, तेजु चौहान, विन्दा बाम्बे, अनिता कीर, शाहना बी, रमा पटेल, नीतु यादव, तेज कोर चौहान, मंजु प्रजापति, रेखा योगी, बेगम बाई, रीचा योगी, बविता, ऋष्टा सोनी, संगीता प्रजापति, प्रीतम दयाल चौरसिया, विवेक राठौर, निशांत वर्मा, रामनारायण शर्मा, देवीसिंह तंवर, कृपाल मालवीय, प्रेम गुप्ता, पार्षद अब्बास उपस्थित रहे।

**ओवरब्रिज से राम मंदिर तक लुनिया मोहल्ले में बन रही पक्की सड़क**

# नागरिकों को 25 साल बाद मिली कच्ची ऊबड़ खाबड़ कीचड़ वाली सड़क से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



लुनिया मोहल्ले में 25 साल बाद कंक्रीट की पक्की सड़क बनना शुरू हो गई है। लुनिया चौराहा ओवरब्रिज से माता मंदिर होकर श्री राम मंदिर तक 17 लाख रुपए की लागत से यहां सीसी सड़क बनाई जा रही है। सड़क निर्माण शुरू होने से नागरिकों में उत्साह खुशी का माहौल बना हुआ है।

क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि बीते 25 सालों में अनेक जनप्रतिनिधियों ने इस सड़क को बनाने का आश्वासन तो दिया था लेकिन चार पार्षद और चार नगर पालिका अध्यक्ष इस सड़क को बनाने में असमर्थ रहे। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और वार्ड पार्षद सपना मालवीय ने नागरिकों के 25 साल पुराने सपने को साकार कर दिया है। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 20 लुनिया मोहल्ले के नागरिकों को 25 साल बाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की शहर विकास की महत्व आकांक्षा और पार्षद सपना रवि मालवीय की वार्ड विकास परिकल्पना के सक्रिय प्रयास से लुनिया चौराहा ओवर ब्रिज से श्री राम मंदिर लूनिया मोहल्ला तक सीमेंटेड सड़क की बड़ी सौगात मिल गई है। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि सड़क बनने के बाद बरसों पुरानी कीचड़ और पुरानी सड़क से जहां निजात मिल जाएगी वहीं माता मंदिर और राम मंदिर पूजन कीर्तन करने आने जाने में भी अब परेशानी नहीं होगी। सड़क नहीं होने के कारण कई बार एंबुलेंस चालक ऑटो चालक माल वाहक वाहन चालक गाड़ियां अंदर लाने से इनकार करते थे जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लगभग आधा किलोमीटर सड़क पर हमेशा कीचड़ गंदगी बनी रहती थी लूनिया मोहल्ले कुछ अन्य सड़के भी बनना बाकी हैं जिसके लिए पार्षद सपना रवि मालवीय के द्वारा निर्माण कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर नगर पालिका कार्य योजना समिति को दिए गए हैं। लुनिया मोहल्ले के रंजीत वर्मा विजेंद्र कौशल, जितेंद्र चौरसिया, सन्नी लूनिया, फूल सिंह, अमर सिंह, सावन लूनिया, कुंदन वर्मा,ओम सिंह बिजोरिया आदि नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और पार्षद सपना मालवीय का सड़क निर्माण कराए जाने को लेकर आभार व्यक्त किया है।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक आयोजित




**सीहोर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता को हनुमान जी की तरह रामकाज के लिए सक्रिय रहना चाहिए कपाल पर तिलक दंड और भगवा केसरिया गमछा हमारी पहचान होना चाहिए। बिधर्मी चुप बैठने को तैयार नहीं है राष्ट्र को गोमाता को और सनातन धर्म के लोगों को अपमानित करना नुकसान पहुंचाना उनका लक्ष्य है इसी प्रकार हमारा लक्ष्य राष्ट्र की रक्षा गोमाता की रक्षा बहन बेटियों की रक्षा सनातन हिंदू धर्म की रक्षा होना चाहिए।

उक्त बात विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक में रविवार को प्रखंड कार्यकर्ताओं प्रखंडों के अध्यक्ष संयोजक मंत्री को संबोधित करते हुए प्रांत मंत्री नवल सिंह भदोरिया प्रांत सत्संग प्रमुख सुरेश शर्मा प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी प्रांत सह.संयोजक लोकेंद्र मालवीय ने संयुक्त रूप से कहीं।

बैठक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से विभाग सयोजक राजू मीणा विभाग सह.मंत्री मोहन भाटी विभाग संगठन मंत्री भानु राजपूत सीहोर ग्रामीण संगठन मंत्री कुनाल जिला अध्यक्ष रेवाशंकर जाट, जिला मंत्री राजेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रमा सिंह, दुर्गा वाहिनी संयोजिका नीलू चौहान, जिला संयोजक प्रभात मेवाड़ा, जिला सह मंत्री कमलेश कुकंदा, कोषाध्यक्ष महेश मेवाड़ा,जिला सह संयोजक आशीष सिसोदिया जिला सह संयोजक सुरेश दांगी,जिला धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख जगदीश कुशवाहा, जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज ठाकुर, जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश ठाकुर, नगर अध्यक्ष परम सिंह जाट, आशीष कुशवाहा नगर उपाध्याय, नगर मंत्री यज्ञेश, नगर सह संयोजक समीर राय, नगर सुरक्षा प्रमुख शुभम मालवीय, रोहन यादव गो रक्षा प्रमुख क्षितिज श्रीवास्तव सह. विशष संपर्क सुनील वर्मा समरसता प्रमुख गिरीश पाठक सह.मंत्री हेमंत विश्वकर्मा सह.मंत्री चेतन वर्मा सह.समरसता भगवान कुशवाहा सह.सुरक्षा सुशील उपाध्याय मठ मंदिर एवं समस्त 10 प्रखंडों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।